दैनिक जागरण
27-11-2025

# एआइ इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स रेगुलेशन में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत : डा. रोहित दत्त

- राजीव गांधी गवर्नमेंट कालेज साहा में हुआ कार्यक्रम
- विभिन्न राज्यों से आए 114 प्रतिभागियों ने लिया भाग

संवाद सहयोगी, जागरण, साहा : राजीव गांधी गवर्नमेंट कालेज साहा में इंटेलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स (आइपीआर) विषय पर कालेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) तथा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के सहयोग से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 114 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज (जीएमएन कालेज) के प्राचार्य डा. रोहित दत्त वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के आइपीआर रेगुलेशन में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है क्योंकि कंप्यूटर एलगोरिदम, कंप्यूटर से संबंधित कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा किये गये शोध में मुख्य लेखक कौन माना जायेगा। एआइ के माध्यम से किये गये शोध या रिसर्च कार्यों को ध्यान रखते हुए कंप्यूटर




राजीव गांधी राजकीय कालेज साहा में सेमिनार के दौरान मौजूद अतिथि। • विज्ञप्ति

-रिलेटेड इन्वेंशन्स (सीआरआइ'स) 2025 के मसौदा दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य साफ्टवेयर, एल्गोरिदम और कृत्रिम-बुद्धिमत्ता-सम्बंधी आविष्कारों की पेटेंट योग्यता को स्पष्ट करना है। संगोष्ठी में डा. राजेंदर देसवाल पूर्व निदेशक आइपीआर सैल एनआइटी कुरुक्षेत्र, डा. राहुल तनेजा वैज्ञानिक पेटेंट सूचना केंद्र एचएससीआइटी पंचकूला तथा यूजीसी सूचीबद्ध जर्नल नाद-नद के निदेशक डा. रवि शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।